ITI LIMITED
( A Government of India Undertaking )

दिनांक : 16 जुलाई, 2026

# प्रेस विज्ञप्ति

## बीएसएनएल से आईटीआई लिमिटेड को 856.39 करोड़ रुपये मूल्य की 4जी नेटवर्क विस्तार (फेज-IX) परियोजना का कार्यादेश प्राप्त

**बेंगलुरु:** देश की स्वतंत्रता के बाद स्थापित प्रथम सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एवं अग्रणी दूरसंचार विनिर्माता आईटीआई लिमिटेड को हाल ही में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) से **पश्चिम भारत में 4जी मोबाइल नेटवर्क के विस्तार हेतु 856.39 करोड़ रुपये** का कार्यादेश प्राप्त हुआ है। इस कार्यादेश के अंतर्गत पश्चिमी क्षेत्र में 7,613 स्थलों पर टर्नकी आधार पर 4जी मोबाइल नेटवर्क की योजना निर्माण, अभियांत्रिकी, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण तथा कमीशनिंग का कार्य किया जाएगा। भारत के **आत्मनिर्भर** दूरसंचार अभियान के अंतर्गत बीएसएनएल स्वदेशी 4जी दूरसंचार उपकरणों की प्रतिष्ठित परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है, जिसका उद्देश्य दूरसंचार क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना तथा घरेलू बाजार की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।

आईटीआई लिमिटेड ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के साथ कंसोर्टियम भागीदार के रूप में बीएसएनएल के पश्चिमी क्षेत्र के लिए 2,640 करोड़ रुपये मूल्य की फेज-IX.2 की टर्नकी 4जी मोबाइल नेटवर्क परियोजना का सफलतापूर्वक निष्पादन किया था। इस परियोजना के अंतर्गत महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा मुंबई एलएसए में स्थित 23,633 स्थलों पर आरएफ योजना, अभियांत्रिकी, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, एकीकरण तथा वार्षिक अनुरक्षण का कार्य किया गया। इस परियोजना के सफल समापन के उपरांत अब आईटीआई लिमिटेड को बीएसएनएल के पश्चिमी क्षेत्र में सैचुरेशन साइट्स (डीबीएन वित्तपोषित) सहित **7,613 स्थलों पर 4जी मोबाइल नेटवर्क के विस्तार हेतु आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग** का नया कार्यादेश प्राप्त हुआ है, जिसकी कुल परियोजना लागत 856.39 करोड़ रुपये है।

इस अवसर पर **आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री राजेश राय** ने कहा, *"आईटीआई लिमिटेड के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि हमारे प्रतिष्ठित ग्राहक बीएसएनएल ने हमारी परियोजना निष्पादन क्षमता पर पुनः विश्वास व्यक्त करते हुए हमें यह कार्यादेश प्रदान किया है। आईटीआई लिमिटेड देश के आत्मनिर्भर दूरसंचार अभियान में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है तथा अपनी उत्कृष्ट कार्यकुशलता के माध्यम से इस राष्ट्रीय पहल की एक सशक्त सहयोगी के रूप में स्वयं को सिद्ध किया है।"*

वर्तमान में आईटीआई लिमिटेड, बीएसएनएल के लिए 7,000 करोड़ रुपये मूल्य की भारतनेट फेज-III परियोजनाओं का हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड तथा मणिपुर राज्यों में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर रही है।

---

**आईटीआई लिमिटेड के बारे में**

आईटीआई लिमिटेड देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी तथा बहु-इकाई केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जो दूरसंचार क्षेत्र में समग्र समाधान उपलब्ध कराती है। कंपनी के पास बेंगलुरु, नैनी, रायबरेली, मनकापुर, श्रीनगर तथा पालक्काड में अत्याधुनिक विनिर्माण इकाइयाँ हैं। इसके अतिरिक्त बेंगलुरु में अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र तथा देशभर में विपणन, बिक्री एवं परियोजना (एमएसपी) कार्यालय स्थापित हैं।

कंपनी स्विचिंग, ट्रांसमिशन, एक्सेस तथा ग्राहक परिसर उपकरणों सहित दूरसंचार उत्पादों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराती है। नवीनतम दूरसंचार समाधानों एवं ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप सेवाएँ प्रदान करने के साथ-साथ आईटीआई लिमिटेड के पास समर्पित नेटवर्क सिस्टम यूनिट भी है, जो उपकरणों की स्थापना, कमीशनिंग तथा टर्नकी परियोजनाओं का निष्पादन करती है। आईटीआई लिमिटेड रक्षा एवं रेलवे क्षेत्रों के लिए विविध उत्पादों के निर्माण के साथ-साथ सौर उपकरण, नेक्स्ट जनरेशन नेटवर्क उत्पाद, जीपीओएन, एलईडी प्रकाश व्यवस्था, ऑप्टिकल उत्पाद, एचडीपीई, ऑप्टिकल फाइबर केबल, स्मार्ट कार्ड, रक्षा उपयोग हेतु एन्क्रिप्टर, वाई-फाई तथा अन्य संबद्ध उत्पादों के निर्माण पर भी विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी रक्षा, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ई-गवर्नेंस तथा सूचना प्रौद्योगिकी आधारित परियोजनाओं एवं सेवाओं के क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति सुदृढ़ कर रही है, जिससे उसे प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्राप्त हो रही है। इसके अतिरिक्त, आईटीआई लिमिटेड बेंगलुरु इकाई में अत्याधुनिक डेटा सेंटर का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है तथा सरकारी संस्थानों, विभागों एवं बैंकों को डेटा सेंटर सेवाएँ उपलब्ध करा रही है।